# ह्रदेश, जुझारसिंह, अर्जुन, युवराज के नाम मोर्चा अध्यक्ष के लिए कोर कमेटी में

## इस बार जिलाध्यक्ष शुजालपुर या कालापीपल से मिलने की संभावना

**शाजापुर। तमाम मोर्चा प्रकोष्ठ, निगम के बाद अब युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की ताजपोशी की बारी है। चूंकि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शाजापुर से ही हैं, ऐसे में जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष का चयन इस बार शुजालपुर और कालापीपल से होगा। कोर कमेटी ने चार नाम दिए हैं, ह्रदेश मेवाड़ा, जुझारसिंह राजपूत, अर्जुनसिंह, युवराज रामड़िया के नाम चर्चा में हैं। अब देखना यह है कि जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा का पद किसके खाते में जाता है।**

गौरतलब है कि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष को लेकर यूं तो कई दावेदार हैं लेकिन जिले की कोर कमेटी ने जो नाम दिए हैं उसमें से उच्च शिक्षा मंत्री ह्रदेश सिंह मेवाड़ा के पक्ष में नजर आ रहे हैं तो वहीं कालापीपल से जुझारसिंह राजपूत व युवराज रामड़िया का नाम भी चर्चा में है। शाजापुर विधानसभा से कोई भी दावेदार का नाम चर्चा में नहीं है, अब देखना यह है कि इस बार जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष शुजालपुर विधानसभा से बनता है या कालापीपल विधानसभा से। हालांकि पिछले एक दशक से श्याम टेलर को छोड़कर अभी तक जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष शुजालपुर को ही मिलता रहा है। अब कोर कमेटी में तो इन्हीं नामों की चर्चा है, इसके अलावा भी अगर आम सहमति नहीं बनी तो कोई चौंकाने वाला नाम आ सकता है।

### भाजपा भेजेगी नामों की पैनल, सहमति नहीं बनी तो सीधे भी हो सकती है ताजपोशी

वैसे भाजपा में प्रकोष्ठ या मोर्चा के पदाधिकारियों के लिए तीन नाम की पैनल भेजी जाती है। कोर कमेटी में जो नाम चर्चा में आए हैं यदि इन्हीं की पैनल आम सहमति से गई तो इनमें से कोई एक जिलाध्यक्ष बन सकता है वहीं यदि भाजपा नेताओं की आपसी सहमति नहीं बनी तो कोई चौंकाने वाला नाम भी मोर्चा जिलाध्यक्ष के रूप में आ सकता है। अब देखना यह है कि कोर कमेटी के नामों की घोषणा होती है या फिर कोई नया नाम आ सकता है।

### कोर कमेटी में आए नामों पर मोहर लगती है या नया नाम...

भाजपा की कोर कमेटी में युवा मोर्चा को लेकर जो नाम आए हैं, अब उसको लेकर यदि आम सहमति बनती है तो कोर कमेटी के नामों पर मुहर लग सकती है और यदि इन नामों पर आम सहमति नहीं बनती है तो फिर कोई चौंकाने वाला नाम भी जिलाध्यक्ष पद के लिए मिल सकता है।

### अभी तक ये लोग बने हैं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष

शाजापुर और आगर जिले को मिलाकर अभी तक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष में जो प्रमुख नाम हैं उनमें नरेश तंवर, अशोक नायक, अरूण भीमावद, उदयसिंह यादव, प्रदीप सोनी, सोनू नेमा, सुनील देथल, श्याम टेलर शामिल हैं। जब शाजापुर व आगर जिला एक हुआ करता था तो आगर जिले से प्रदीप सोनी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बने, उदयसिंह यादव को भी कमान मिली। इसके अलावा शाजापुर जिला मुख्यालय से नरेश तंवर और अरूण भीमावद के बाद श्याम टेलर बने। शुजालपुर की बात करें तो सुनील देथल और सोनू नेमा मोर्चा जिलाध्यक्ष बन चुके हैं। अब कालापीपल विधानसभा ही ऐसी रही कि जहां से कोई भी जिलाध्यक्ष नहीं बना। अब देखना यह है कि इस बार कालापीपल विधानसभा से कोई जिलाध्यक्ष बनता है या शुजालपुर से।

### मंत्री परमार ह्रदेश मेवाड़ा के पक्ष में...

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा मंत्री और शुजालपुर विधायक इंदरसिंह परमार ह्रदेश मेवाड़ा के पक्ष में हैं। अब देखना यह है कि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शाजापुर को मंत्री कोटे से मिलता है या कालापीपल विधायक कोटे से। हालांकि कोर कमेटी में जो नाम चर्चा में है उनकी पैनल प्रदेश कार्यालय जाएगी, लेकिन पिछले अनुभव की बात की जाए तो श्याम टेलर जब युवा मोर्च जिलाध्यक्ष बने थे तो उनका पैनल में शाजापुर भाजपा ने नाम नहीं भेजा था। बाद में तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद नाम पैनल में जुडा था।

## एक नजर में

### सिविल अस्पताल में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल



**शुजालपुर।** फायर सेफ्टी सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं बचाव संबंधी जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान नाटक एवं प्रस्तुतीकरण के जरिए मरीजों, अस्पताल स्टाफ और नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में सतर्कता, त्वरित कार्रवाई एवं सुरक्षित निकासी के महत्व को समझाया गया। आयोजन में आग लगने की संभावित परिस्थितियों में बचाव के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ।शारदा रामसरिया, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ ।प्रवीण द्विवेदी, अस्पताल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे, आयोजन का उद्देश्य अस्पताल स्टाफ एवं आमजन को फायर सेफ्टी के प्रति जागरूक बनाना तथा आपदा की स्थिति में सुरक्षित बचाव के लिए प्रशिक्षित करना रहा।

### करूणा ने एमबीबीएस की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की



**शाजापुर।** स्थानीय विजय नगर निवासी करूण पिता अनिल विश्वकर्मा ने एमबीबीएस की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर शहर का नाम गौरवान्वित किया है। 20 से 22 घंटों की लगातार मेहनत कर यह सफलता करूणा ने हासिल की है। सर्व हिंदु उत्सव समिति शाजापुर के सदस्य और भाजपा नगर मंडल के सक्रिय सदस्य अनिल विश्वकर्मा की बिटिया स्थानीय विजय नगर निवासी करुणा विश्वकर्मा ने मां राज राजेश्वरी देवी की असीम कृपा से प्रथम श्रेणी में एमबीबीएस की परीक्षा उत्त्तीर्ण का परिवार को बल्कि पूरे समाज को गर्व महसूस कराया है। यह कामयाबी सिर्फ एक डिग्री नहीं है बल्कि सालों की कड़ी मेहनत, बिना थके मेहनत, पक्के इरादे और बिटिया रानी करुणा इस पक्के विश्वास का सबूत हैं कि अपनी शानदार कामयाबी से उन्होंने न सिर्फ अपने परिवार को बल्कि समाज को भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से गर्व महसूस कराया है। अत्यधिक संघर्ष ओर अपनी काबिलियत के बल पर बिटिया रानी करुणा ने ये सफलता हासिल की है। करुणा ने बताया कि वे लगातार पढ़ाई की और एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की।

### कॉलेज में अपशिष्ट जल से हो रही पौधों की सिंचाई

**शुजालपुर।** जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनूठी पहल की जा रही है। महाविद्यालय में जल शोधन संयंत्र से निकलने वाले अपशिष्ट जल का उपयोग अब पेड़-पौधों की सिंचाई में किया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर में जल शोधन संयंत्र से निकलने वाले व्यर्थ पानी को एक टैंक में संग्रहित किया जा रहा है। इसके बाद इस पानी का उपयोग विद्या वन में लगे पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ। राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि अपशिष्ट जल को टैंकर में संग्रहित कर टपक सिंचाई प्रणाली के माध्यम से पौधों तक पहुंचाया जाता है। इससे कम पानी में अधिक पौधों को पर्याप्त नमी मिल रही है तथा पानी की एक-एक बूंद का सदुपयोग सुनिश्चित हो रहा है, साथ ही हरित परिसर के संकल्प को भी मजबूती मिल रही है। डॉ। मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन योजना की शुरुआत उज्जैन की शिप्रा नदी से मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव द्वारा की गई है। अभियान का उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, बावड़ियों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ जल, जंगल और जमीन के विकास के लिए जनजागरण करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के विद्यार्थी क्षेत्र के प्राचीन कुओं, बावड़ियों और जल स्रोतों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए कार्य करेंगे, साथ ही वर्षा जल संचयन के माध्यम से पेयजल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति व्यवहारिक जागरूकता विकसित करना है। छोट-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली यह पहल अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही है। महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

### नवागत एसपी ने ने ग्रहण किया पदभार

**आगर मालवा।** शुक्रवार को नवागत एसपी आगर मालवा दिलीप कुमार सोनी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आगर मालवा पहुंचकर विधिवत रूप से जिले के पुलिस अधीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाहा, एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव, थाना प्रभारी कोतवाली शशि उपाध्याय, निरीक्षक अनिल कुमार मालवीय, निरीक्षक हीना कनेश, प्रभारी रक्षित निरीक्षक जगदीश यादव सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। नवागत पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने तथा आमजन के प्रति संवेदनशीलए प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनसुरक्षा एवं जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया।

## पाटीदार कॉलोनी में आधी रात को हुई पत्थरबाजी की घटना

**शुजालपुर। शहर की पाटीदार कॉलोनी में असामाजिक तत्वों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। देर रात कॉलोनी निवासी दीपक झा की घर के बाहर खड़ी कार पर अज्ञात बदमाशों ने पत्थर फेंक दिए, जिससे वाहन के शीशे चकनाचूर हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और रहवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।**

पीड़ित दीपक झा पिता लक्ष्मण झा के अनुसार घटना 7 मई की रात करीब 12।57 बजे की है। घर के बाहर खड़ी कार पर अचानक पत्थर आकर लगा, जिससे वाहन का पिछला और साइड का शीशा टूट गया ।घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, फुटेज में एक घर की दिशा से पत्थर फेंके जाने की बात सामने आई है। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि घटना पुरानी रंजिश या नशे की हालत में की गई हरकत का परिणाम हो सकती है। परिवार का कहना है कि पत्थर जिस तरह से वाहन पर फेंका गया, उससे किसी को चोट भी पहुंच सकती थी। घटना के बाद परिवार के सदस्य भय और मानसिक तनाव में हैं। रहवासियों का कहना है कि पाटीदार कॉलोनी में आए दिन गाली-गलौज, तोड़फोड़ और गुंडागर्दी जैसी घटनाएं सामने आ रही है। इससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस को सौंपे साक्ष्य

मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाना शुजालपुर मंडी में दर्ज कराई गई है, पीड़ित ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और क्षतिग्रस्त कार के फोटो भी सौंप दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए,

## मोबाइल पर बात करने का बहाना कर उड़ाई थी बाइक

### सीसीटीवी फुटेज से आरोपी तक पहुंची पुलिस,मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार



**शुजालपुर। थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है, आरोपी वारदात के बाद बाइक छिपाकर भोपाल भाग गया था। पुलिस ने उसे राणोगंज क्षेत्र से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2026 को पंजाबी मोहल्ला निवासी प्रमोद तोवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 42 एमटी 8402 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। वाहन की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है।**

जांच के दौरान सामने आए सीसीटीवी फुटेज में एक युवक पहले मोबाइल पर बात करने का नाटक करता दिखाई दिया, इसके बाद उसने आसपास नजर दौड़ाई और मौका मिलते ही बाइक को सेल्फस्टार्ट कर फरार हो गया। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज की। मामले की जानकारी मीडिया में आने के बाद भी आरोपी की पहचान में मदद मिली। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस ने लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय रखा।

पुलिस ने आरोपी राहुल भीलाला 28, निवासी जसवाड़ा, थाना मोहन बड़ोदिया को राणोगंज खेड़ा रिछोदा रोड स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी के बाद उसने बाइक एक परिचित के यहां छिपा दी थी और बाद में भोपाल भाग गया था, आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह पूर्व में भी दो बार बाइक चोरी की वारदातों में शामिल रह चुका है तथा भोपाल में अपने साथी के साथ चोरी करते समय पकड़ा जा चुका है ।पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। कार्रवाई में उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, प्रधान आरक्षक रामदयाल श्रीवास्तव, आरक्षक पवन परमार, वीरेन्द्र सिंह, चालक महेश, साइबर सेल प्रधान आरक्षक विकास तिवारी एवं आरक्षक राजेश की सराहनीय भूमिका रही।

## जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**शाजापुर। शुक्रवार को एक कार्यक्रम में शाजापुर पधारे मप्र शासन के उच्च तकनीकी एवं आयुष विभाग के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह जी परमार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा ने विभिन्न मांगों के संदर्भ में अपना मांग पत्र सौंपा।**

मांग पत्र में प्रमुख रूप से महाविद्यालय में स्थित बास्केट बॉल, बॉलीबॉल और खो खो के ग्राउंड को सामने खाली जगह पर सिंथेटिक ग्राउंड बनाने का मांग की गई है। जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग चेंजिंग रुम,वॉशरूम, खंबे एवं बिजली व्यवस्था के लिए मांग रखी गई। जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा ने उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि महाविद्यालय सहित शाजापुर नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं उक्त पुराने ग्राउंड पर प्रतिदिन खेलने आते है एवं वर्तमान ग्राउंड के पीछे की तरफ उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से स्वीकृत 7 कमरे, 4 लेब, एक सेमिनार हॉल का निर्माण हो रहा है जो बनने के बाद बिल्कुल ग्राउंड के पीछे आएगा, जिससे उक्त भवन में जाने आने में उक्त ग्राउंड में से ही जाना आना होगा एवं उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि में ही नए ग्राउंड का निर्माण किया जा सकता है, क्योंकि स्वीकृति राशि अधिक है एवं टेंडर कम राशि का हुआ है। जिसमें शेष बची राशि का उक्त नए सिंथेटिक ग्राउंड का निर्माण संभव है। वर्तमान समय में सभी जगह सिंथेटिक ग्राउंड बन रहे है एवं जिसमें बच्चों को चोट लगने का खतरा कम रहता है। सुविधा मिलने से शाजापुर जिले के खिलाड़ी संभाग, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सके। वर्तमान में महाविद्यालय में बास्केट बॉल एवं वॉलीबॉल ग्राउंड तो है परंतु एक नए ग्राउंड खो खो का नहीं है, अगर खो खो ग्राउंड का निर्माण महाविद्यालय में हो जाता है तो जिस प्रकार पूर्व में खो खो में शाजापुर की टीम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले हैं पुन: खो खो से शाजापुर का नाम रोशन होने की संभावना है। साथ ही जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा ने महाविद्यालय में स्थाई कर्मचारी की कमी है उनकी शीघ्र नियुक्ति की मांग की। इस दौरान महाविद्यालय का कन्या छात्रावास का कार्य पूर्ण होने पर है जो अगले सत्र से प्रारंभ हो जाएगा उसकी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी स्वीकृति का मांग पत्र उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमारको सौंपा। मंत्री इंदरसिंह परमार ने उक्त मांगो को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन जनभागीदारी अध्यक्ष को दिया है । जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं शाजापुर विधायक अरुण भीमावद का महाविद्यालय में स्वीकृत 7 नए कमरे, 4 लेब एवं एक सेमिनार हॉल की स्वीकृति के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## संगठन मजबूती पर किया मंथन

### मक्सी मंडल की कार्यकारी बैठक सम्पन्न



**मक्सी। पाटीदार धर्मशाला मक्सी में भारतीय जनता पार्टी मक्सी मंडल की कामकाजी बैठक का आयोजन। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ ।श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।**

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ ।रवि पांडे, जिला प्रभारी प्रभुराम जाटवा, मंडल प्रभारी उमेश टेलर, मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल एवं मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। बैठक में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राधेश्याम जाट, मंडल महामंत्री मोडसिंह लोधी, मनोज पटेल, कृष्णा भावसार ,दिलीप आरोल, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, नरेन्द्र भावसार, हंसराज जैन, जिला महिला महामंत्री पुष्पा भावसार, पार्षद दिलीप लोधी, पार्षद मुकीम खान, मनोहर लशकन, मक्सी मंडल उपाध्यक्ष राधा भावसार, मक्सी मंडल मंत्री हेमलता पाण्डेय, मनोज पाटीदार,सुनील गोठी ओम इन्द्रिया एवं पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन हित में सक्रिय होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मोडसिंह लोधी ने किया आभार सुनील नानू पंड्या ने माना।

## एक नजर में

### यात्रियों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

## रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग और अमानक पानी की बोतल का खेल

**मक्सी। मक्सी रेलवे जंक्शन पर इन दिनों अवैध वेंडिंग और अस्वीकृत पानी की बोतलों की बिक्री का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। चूंकि मक्सी रेलवे स्टेशन व्यस्ततम जंक्शन होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेनों का आवागमन होता है। जहां इन दिनों अवैध वेंडिंग और अस्वीकृत पानी की बोतलों की बिक्री खुलेआम जारी है और अभी जो कि इस मई माह में हो रही भीषण गर्मी में अस्वीकृत पानी की बोतले बेचकर यात्रियों से बहुत ज्यादा फायदा उठाया जा रहा हैं।**

सूत्रों के अनुसार स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर बड़ी संख्या में बिना अनुमति वाले वेंडर यात्रियों को पानी, खाद्य सामग्री एवं अन्य सामान बेच रहे हैं। आरोप है कि रेलवे द्वारा अधिकृत सीमित वेंडरों के अलावा दर्जनों युवक प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं जिन पर किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है और जिसे रेलवे द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।



*इनका कहना है*

*संबंधित विभाग को इस संबंध में सूचित किया जा रहा है और इसकी जांच की जाएगी।*

***मुकेश कुमार, रेल्वे जनसंपर्क अधिकारी***

### अमानक पानी पीने की बोतल 20 रुपए की

जानकारी के मुताबिक स्टेशन पर रेलवे से अधिकृत पानी की बोतल का मानक जहां रेलवे द्वारा 14 रुपए तय किया गया है, उसके बावजूद मक्सी रेलवे स्टेशन पर बड़ी मात्रा में बिना अनुमति वाली अवैध हरी पन्नी एवं हरे ढक्कन वाली पानी की बोतलें यात्रियों को ऊंचे दामों पर बेची जा रही हैं। स्टेशन पर जब हरी पन्नी एवं हरे ढक्कन वाली पानी की बोतल खरीदी गई तो उन्हें वो बोतल वेंडर द्वारा 20 रुपए में दी गई। इधर प्लेटफॉर्म पर अवैध वेंडरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ट्रेन रुकते ही बड़ी संख्या में युवक पानी एवं खाद्य सामग्री बेचने पहुंच जाते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा के साथ साथ गुणवत्ता को लेकर भी संदेह बना रहता है। कई खाद्य सामग्री बिना स्वच्छता मानकों के तैयार होने की बात भी सामने आई है, जिससे यात्रियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडराने का डर है ।बताया जा रहा है कि लंबे समय तक खड़ी रहने वाली ट्रेनों के दौरान यह गतिविधियां अधिक बढ़ जाती हैं।

## उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए जिले के शिक्षकों का सम्मान

**आगर मालवा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उत्कृष्ट कार्य सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज कल्याण, मानव सेवा एवं जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। साथ ही भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सिद्धांतों के अनुरूप अनुकरणीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार जाटव के मार्गदर्शन में जिला संगठक आयुक्त रजनीश स्वर्णकार एपीसी आगर, काउंसलर भेरूलाल ओसारा, शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया एवं काउंसलर प्रहलाद सिंह तोमर, शासकीय उमावि तनोडिया को उत्कृष्ट सेवा कार्यों हेतु राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।